Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to start the Air services from Nasik to Delhi and other cities.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): माननीय अध्यक्ष जी, आज तारीख 2/12 यानी 2 दिसम्बर है और मेरा सवाल भी इसी से जुड़ा हुआ है । मेरे संसदीय क्षेत्र नासिक ओज़हर में अत्याधुनिक एयरपोर्ट है, लेकिन नासिक से अन्य शहरों के लिए विमान सेवा नहीं है । नासिक से दिल्ली विमान सेवा एक साल से बंद है । आज की तारीख में मेरी मांग है कि इसे दोबारा शुरू किया जाए । इसके साथ ही नासिक के डैवलपमेंट पर विचार किया जाए । यहां एयर कनैक्टिविटी बहुत ही आवश्यक है । नासिक में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विमान सेवा बहुत जरूरी है । यहां त्र्यम्बकेश्वर महान ज्योतिर्लिंग है । नासिक एक बड़ा धार्मिक क्षेत्र है । यहां यात्रियों को सुविधाएं मिलनी चाहिए । नासिक के साथ धुलिया, जलगांव, नंदुरबार के लोगों को इससे सुविधा मिलेगी ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि नासिक से दिल्ली विमान सेवा जल्दी शुरू की जाए और नासिक से अन्य शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने पर जल्द विचार किया जाए ।